प्रतिलिपिः–संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य), झारखण्ड, रॉंची/माननीय मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, रॉंची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची।

ज्ञापांकःप०नि०वि०–11–ता०प्र०–08/2022, 766(S) रॉंची/दिनांक– 28-2-22
प्रतिलिपिः–श्री प्रभात कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पथ निर्माण विभाग को निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त उत्तर प्रतिवेदन झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को आज ही OASYS प्रणाली के तहत ऑन लाईन प्रेषित करेंगे।

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची।

(42)

श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0 ग्राम–11 का उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, माननीय स0वि0स0	श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग
1. क्या यह बात सही है कि धनबाद जिला के झरिया अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत् जामाडोबा–जितपुर मुख्य मार्ग स्थित नुनीकडीह जोरीया पर लोहा पुल के स्थान पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबोद द्वारा वर्ष 2017 में स्वीकृत पुल का नवनिर्माण कराया गया है ;	आंशिक स्वीकारात्मक। प्रश्नांकित पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2019 में प्रारंभ कराया गया है।
2. क्या यह बात सही है कि विभाग व संवेदक के शिथिलता के कारण खण्ड–1 में वर्णित स्थान पर नवनिर्मित पुल पर पहुँच पथ व गार्डवाल का निर्माण नहीं होने से राहगीरों/वाहन चालकों को विगत पाँच वर्षों से आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;	आंशिक स्वीकारात्मक। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0प्र0, धनबाद से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में प्रश्नांकित पुल में गार्डवॉल एवं पहुँच पथ के अतिरिक्त प्राक्धान हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खंड–1 में वर्णित पुल पर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पहुँच पथ व गार्डवाल निर्माण करवाने का विचार रखती है, हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	प्रश्नांकित पुल पर पहुँच पथ व गार्डवाल का निर्माण एक महीने में पूर्ण करा दिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक:– 05 (वि0स0–12)–128/2022/ग्रा0का0वि0 – 337 राँची, दिनांक– 01–03–2022

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं0 प्र0–342 वि0स0 दिनांक–24.02.2022 के प्रसंग में 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/3/22
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक:– 05 (वि0स0–12)–128/2022/ग्रा0का0वि0 – 337 राँची, दिनांक– 01–03–2022

प्रतिलिपि:– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

1/3/22
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक:– 05 (वि0स0–12)–128/2022/ग्रा0का0वि0 – 337 राँची, दिनांक– 01–03–2022

प्रतिलिपि:– सचिव कोषांग ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

1/3/22
सरकार के अवर सचिव।

(43)

श्री लोबिन हेम्ब्रम, मा0 स0वि0स0 द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0– "पथ–29" का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्न	माननीय मंत्री, प0नि0वि0 द्वारा दिया जाने वाला उत्तर
क्या मंत्री पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:– 1. क्या यह बात सही है कि साहेबगंज जिला अन्तर्गत मंडरो प्रखण्ड के निर्जाचौकी से बोआरीजोर मुख्य पथ दो जिला अन्तर्गत जोड़ने वाली मुख्य पथ में भगैया, मंडरो होते हुए खाड़े बगीचा तक एवं खाड़े बगीचा से श्रीपुर, बोआरीजोर होते हुए भेरण्डा तक सड़क की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है, जहाँ आये दिन छोटी–बड़ी सड़क दुर्घटना होती रहती है, 2. यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार दो जिलों के अधीन क्रमशः साहेबगंज एवं गोड्डा की अति महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण/जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	निर्जाचौकी से बोआरीजोर पथ, पथ निर्माण विभाग की पथ है। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में उक्त पथ की आवश्यक मरम्मति हेतु रू0 25.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत् कार्य पूर्ण है। पथ की महत्ता के मद्देनजर पथ के पुनर्निर्माण की योजना विचाराधीन है। जिसके तहत् डी0पी0आर0 तैयार किया जा रहा है। जिसकी तकनीकी स्वीकृति एवं निधि की उपलब्धता के अनुसार प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात् कार्यान्वयन कराया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–31/2022, 765(S) राँची/दिनांक– 28-2-22

प्रतिलिपि:–श्री छोटेलाल, अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय, राँची के ज्ञापांक–334, दिनांक–24.02.2022 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 अतिरिक्त प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–31/2022, 765(S) राँची/दिनांक– 28-2-22

प्रतिलिपि:–संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य), झारखण्ड, राँची/माननीय मुख्यमंत्री जी विशेष कार्य पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–31/2022, 765(S) राँची/दिनांक– 28-2-22

प्रतिलिपि:–श्री प्रभात कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पथ निर्माण विभाग को निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त उत्तर प्रतिवेदन झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को आज ही OASYS प्रणाली के तहत ऑन लाईन प्रेषित करेंगे।

28/02/2022

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

(44)

श्री उमाशंकर अकेला, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछे जानेवाले तारांकित प्रश्न सं0–ग्राम्य–06 का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री उमाशंकर अकेला, माननीय स0वि0स0	श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग
प्रश्न	उत्तर
1. क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिलान्तर्गत चौपारण प्रखण्ड के निम्नलिखित सड़कों का निर्माण जैसे– 1) करमा पंचायत के जोकट मंदिर से ग्राम बहेरा 3 कि0मी0 2) दैहर पंचायत के ग्राम सोहरा तेतरिया मोर से बोंगो रोड तक 1.481 कि0मी0 मेसर्स राजदेव यादव बिल्डकॉन प्रा0लि0 हजारीबाग के द्वारा करवाया गया है एवं जगदीशपुर पंचायत के जी0टी0 रोड पिपरा से चपरीखुर्द तक मे0 वरूण कंस्ट्रक्शन प्रा0लि0 बगोदर गिरिडीह के द्वारा करवाया गया ;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि इन सड़कों का निर्माण PMGSY के द्वारा किया गया तथा वर्ष 2018 के अंतिम माह में योजनाओं को पूर्ण किया गया ;	आंशिक स्वीकारात्मक।
3. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों सड़के निम्न स्तर के गुणवत्ता होने के कारण दो वर्षों के अन्दर ही अत्यंत जर्जर हो गई है, जबकि PMGSY के द्वारा निर्मित किसी भी सड़क का पाँच वर्ष तक देख–रेख की जिम्मेदारी संवेदक की होती है ;	आंशिक स्वीकारात्मक। राज्य गुणवत्ता समन्वयक एवं राष्ट्रीय गुणवत्ता समन्वयक के द्वारा निर्माण कार्य संतोषप्रद पाया गया है।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त जर्जर सड़कों की मरम्मति कराने के साथ ही ऐसे भ्रष्ट संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों?	इन सड़कों का Defect Liablity Period मई 2023 तक है। तदनुसार इन सड़कों का रख रखाव संवेदक द्वारा कराया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक :– 05(वि0स0–12)–128 / 2022 ग्रा0का0वि0 338 राँची, दिनांक 01–03–2022

प्रतिलिपि– अवर सचिव, झा0वि0स0 को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–349 दिनांक–24.02.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/3/22

(रंजीत रंजन प्रसाद)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक :– 05(वि0स0–12)–128 / 2022 ग्रा0का0वि0 338 राँची, दिनांक 01–03–2022

प्रतिलिपि–मा0 मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/ माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (समन्वय) विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

1/3/22

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक :– 05(वि0स0–12)–128 / 2022 ग्रा0का0वि0 338 राँची, दिनांक 01–03–2022

प्रतिलिपि– सचिव कोषांग, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

1/3/22

सरकार के उप सचिव।

(45)

श्रीमती ममता देवी, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 02.03.2022 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या–न०–10 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि रामगढ़ जिला के दामोदर नदी महत्वपूर्ण नदी है, दामोदर नदी का पानी पीने हेतु आर्मी कैम्प, छावनी परिषद, असैनिक क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में उपयोग किया जाता है;	विभाग से संबंधित नहीं है। रामगढ़ छावनी परिषद/ग्रामीण क्षेत्र नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।
2	क्या यह बात सही है कि रामगढ़ छावनी परिषद सहित ग्रामीण इलाकों का दूषित पानी दामोदर नदी में छोड़ा जाता है;	उपर्युक्त कंडिका–1 में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।
3	क्या यह बात सही है कि नगर परिषद रामगढ़ द्वारा सीवर प्रणाली (सीवरेज सिस्टम) प्रस्तावित है, परन्तु सीवर प्रणाली का कार्य अभी तक आरम्भ नहीं हो पाया है;	रामगढ़ शहरी सीवर प्रणाली National Mission for Clean Ganga (NMCG), Ministry of Jal Shakti, Govt. of India निधि से सम्पोषित है, जिसमें वर्त्तमान में केवल Interception & Diversion, STP दो अदद तथा Intermediate Pumping Stations का प्रावधान किया गया है। जिसका DPR तैयार कर NMCG की स्वीकृति हेतु भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त सीवरेज प्रणाली का कार्य प्रारंभ की जाएगी।
4	क्या यह बात सही है कि नदी के गंदे पानी की पीने के वजह से रामगढ़ छावनी परिषद सहित आस पास के ग्रामीण गंभीर बीमारी एवं उन पर जान माल का खतरा हमेशा बना हुआ रहता है;	उपर्युक्त कंडिका–1 एवं 2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।
5	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अविलम्ब सीवर प्रणाली (सीवरेज सिस्टम) के कार्य करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं तो क्यों ?	उपर्युक्त कंडिका–3 में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखंड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक–5/न०वि०/वि०स० तारांकित–02/2022 730 राँची, दिनांक– 28/02/22

प्रतिलिपि:–अवर सचिव, झारखंड विधानसभा को उनके ज्ञाप सं० प्र०–419 वि०स०, दि०–24.02.2022 के आलोक में प्रतिवेदन की 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022
सरकार के अवर सचिव।

(46)

श्री निरल पुरती, माननीय स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या–ग्राम–34 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि JSLPS के अधीन कार्यरत L–5 से L–8 के कर्मियों का मानदेय इनके कार्यों के अनुरूप काफी कम है।	**अस्वीकारात्मक** JSLPS के L–7 व L–8 वर्ग के कर्मियों का वेतन पूर्व में कम था जिसे उनके कार्य के अनुरूप पुनरीक्षित करते हुए 01–दिसम्बर–2021 से लागू कर दिया गया है। अन्य वर्ग के कर्मियों के वेतन को उनके कार्यानुरूप बनाने सम्बंधित प्रस्ताव विचाराधीन है।
2.	क्या यह बात सही है कि इनका पदस्थापन गृह ज़िला में नहीं किया जाता है।	**अस्वीकारात्मक** L–7 व L–8 वर्ग के कर्मियों का चयन सम्बंधित ज़िले के अभ्यर्थियों से ही किया जाता है तथा उनका पदस्थापन उसी ज़िले में किया जाता है। अन्य वर्ग के कर्मी प्रबंधकीय कार्य को देखते है। अतः परियोजना के ज़रूरत के अनुसार उनका स्थापन गृह ज़िला के साथ–साथ अन्य ज़िलों में भी किया जाता है।
3.	यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार के अधीन कार्यरत L–5 से L–8 के कर्मियों को गृह ज़िले में पदस्थापन करना चाहती है, हाँ तो कब तक।	**अस्वीकारात्मक** L–7 व L–8 वर्ग के कुछ कर्मी जिनका चयन पूर्व में राज्य स्तर से किया गया था। परियोजना के हितों का ध्यान में रखते हुए अधिकांश का पदस्थापन उनके गृह ज़िला या नज़दीकी ज़िले में कर दिया गया है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

ज्ञापांक–JSLPS/NRLM/HRD/ झा०वि०स०/2022/265/ 734 दिनांक–28/02/2022

प्रतिलिपिः–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक–412, दिनांक–24.02.2022 के आलोक में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022

(संजय कुमार पाण्डेय)
सरकार के संयुक्त सचिव।

श्री कमलेश कुमार सिंह, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक– 02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या पेय– 01 का उत्तर :–

क्या मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विभागीय मंत्री द्वारा दिए जाने वाला उत्तर :–
1- क्या यह बात सही है कि पलामू जिला अन्तर्गत हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा प्रखण्ड मुख्यालय वासियों तथा मुख्यालय से सटे गांवों में पाईप लाईन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना है?	स्वीकारात्मक। जल जीवन मिशन अन्तर्गत हैदरनगर प्रखण्ड एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड के सभी ग्रामों में पेयजलापूर्ति हेतु पतरा–कबरा, भदुआ–सोक्षा एवं पंसा–रामबांध बहु ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना की स्वीकृति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। हरिहरगंज प्रखण्ड के हरिहरगंज पूर्वी, हरिहरगंज पश्चिमी पंचायत एवं अररूआ खुर्द पंचायत के अररूआ खुर्द एवं पाठक बिगहा डेमा पंचायत के डेमा एवं अम्बा के आंशिक भाग को हरिहरगंज पाईप जलापूर्ति योजना से आच्छादित करने हेतु गृह–संयोजन चल रहा है। हरिहरगंज प्रखण्ड एवं पिपरा के गाँवों को पेयजल आपूर्ति हेतु छत्तरपुर, नौडीह बाजार, हरिहरगंज पीपरा एवं संलग्न गाँवों को एकल/बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना से आच्छादित करने हेतु कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में उक्त प्रखण्ड मुख्यालयों में पेयजल की स्थिति निम्न प्रकार है :–

क्र०	प्रखण्ड	ग्राम की सं०	जनसंख्या	चापाकलों की सं०	लघु ग्रा०ज० की सं०
1.	हैदरनगर	56	74031	722	25
2.	मोहम्मदगंज	43	47315	965	15
3.	हरिहरगंज	83	74203	1100	21
4.	पिपरा	83	36389	703	11

उक्त विवरणी के आधार पर सभी प्रखण्ड पेयजल से पूर्ण आच्छादित है।

2- यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पलामू जिला अन्तर्गत हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा प्रखण्ड मुख्यालय तथा मुख्यालय से सटे गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	स्वीकारात्मक। जल जीवन मिशन अन्तर्गत उपरोक्त सभी प्रखण्ड के ग्रामों के सभी घरों में नल से जल उपलब्ध कराने हेतु वर्ष– 2024 का लक्ष्य निर्धारित है जिसे प्राप्त करने हेतु कार्रवाई की जा रही है।

झारखण्ड सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक :– 7/ता०प्र०– 01–170/2021– 1194 राँची, दिनांक :– 28/2/22

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक– 83, दिनांक 17.02.2022 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28-02-2022

(श्यामा नन्द झा)

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक :– 7/ता०प्र०– 01–170/2021– 1194 राँची, दिनांक :– 28/2/22

प्रतिलिपि :– उप सचिव/अवर सचिव, प्रशाखा– 5, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28-02-2022

(श्यामा नन्द झा)

सरकार के उप सचिव।

(48)

श्री मथुरा प्रसाद महतो, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक– 02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या पेय– 03 का उत्तर :–

<table>
<tr><td colspan="2">क्या मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–</td><td>श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विभागीय मंत्री द्वारा दिए जाने वाला उत्तर :–</td></tr>
<tr><td>1-</td><td>क्या यह बात सही है कि धनबाद जिलान्तर्गत निरसा गोविन्दपुर जलापूर्ति योजना के तहत् ग्राम–दामकड़ा बरवा, कुर्मीडीह, बड़ा पिछरी, छोटा पिछरी, कोरियाटांड, में पाईप लाईन द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु स्वीकृति प्राप्त है;</td><td>स्वीकारात्मक।
धनबाद जिला अन्तर्गत दामकड़ा बरवा, कुर्मीडीह, बड़ा पिछड़ी, छोटा पिछड़ी, कोरियाटांड में JnNURM अन्तर्गत जामाडोबा जलापूर्ति योजना के तहत् पाईप लाईन द्वारा पेयजलापूर्ति स्वीकृत है।</td></tr>
<tr><td>2-</td><td>क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित ग्रामों में पाईप लाईन एवं जलमीनार का कार्य 07 वर्ष पूर्व पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु अभी तक पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई है;</td><td>उक्त योजना को वर्ष 2020 में पूर्ण किया गया है। इन ग्रामों में तीन अदद् जलमीनारों से जलापूर्ति प्रावधानित है। पूर्व में इस योजना में गृह–संयोजन का कार्य शामिल नहीं था।
वर्तमान में JJM अन्तर्गत Retrofitting के तहत् गृह–संयोजन की स्वीकृति कर कुल 8203 FHTC का कार्य किया जा रहा है। अप्रैल– 2022 तक सभी गृह–संयोजन कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति चालू किये जाने की कार्रवाई की जा रही है।</td></tr>
<tr><td>3-</td><td>क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित ग्राम के ग्रामीणों को पेयजल हेतु काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;</td><td>वर्त्तमान में इन ग्रामों में पेयजल की स्थिति निम्नवत् है :–<table><tr><th>प्रखण्ड</th><th>ग्राम</th><th>जनसंख्या</th><th>चालू चापानल की सं०</th></tr><tr><td rowspan="5">गोविन्दपुर</td><td>दामकाड़ा बरवा</td><td>2867</td><td>48</td></tr><tr><td>कुर्मीडीह</td><td>2242</td><td>20</td></tr><tr><td>बड़ापिछड़ी</td><td>3006</td><td>26</td></tr><tr><td>छोटा पिछड़ी</td><td>1179</td><td>12</td></tr><tr><td>कोरियाटांड</td><td>386</td><td>03</td></tr></table>वर्णित ग्राम विभागीय मानक के अनुरूप चापानलों से पूर्ण आच्छादित है।</td></tr>
<tr><td>4-</td><td>यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित ग्रामों में पाईप लाईन द्वारा पेयजल आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों?</td><td>उपरोक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।</td></tr>
</table>

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक :– 7/ता०प्र०– 01–173/2021– 1195 रॉंची, दिनांक :– 28/2/22

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक 428, दिनांक– 24.02.2022 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28-02-2022
(श्यामा नन्द झा)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक :– 7/ता०प्र०– 01–173/2021– 1195 रॉंची, दिनांक :– 28/2/22

प्रतिलिपि :– उप सचिव/अवर सचिव, प्रशाखा– 5, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28-02-2022
(श्यामा नन्द झा)
सरकार के उप सचिव।

(49)

श्री नवीन जयसवाल, माननीय सदस्य विधानसभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या न०–05 को विधान सभा में दिनांक 02.03.2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर :–

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि रॉची नगर निगम द्वारा कचड़ा उठाव संबंधित कम्पनी को 250 छोटे वाहन एवं 40–सीएनजी वाहन सौंपे है, बावजूद इसके रॉची निगम क्षेत्र अंतर्गत कई क्षेत्रों में कूड़ा उठाव का काम समय पर नहीं हो पा रहा है। कई वार्डों में सप्ताह में चार–पाँच दिन बाद कूड़ा उठाव वाहन आती है। अक्सर दोपहर में एवं बिना जिंगल बजाये कूड़ा उठाव वाहन आते है जिस कारण आम जनता को मजबूरण अपने चार पाँच दिनों का कूड़ा सड़क पर फेकना पड़ता है;	आंशिक स्वीकारात्मक। यह बात पूर्णतः सत्य नहीं है। निगम क्षेत्रान्तर्गत कुल 267 वाहनों से Door to Door Collection का कार्य किया जा रहा है, जिसमें पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में 37 CNG वाहन शामिल किए गए हैं। वाहनों में Jingle बजाने के लिए Sound System जैसे उपकरण लगे हुए हैं, जिसके माध्यम से नागरिकों को वाहन के आने की सूचना प्राप्त होती है। कभी–कभी उपकरणों में तकनीकी खराबियों के कारण Jingle नहीं बज पाता तब वाहनों में कार्यरत कर्मियों के द्वारा सिटी बजाकर लोगों को कचड़ा देने के लिए सूचित किया जाता है। इसके अलावा समय–समय पर निगम स्तर पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाये जाते हैं यथा सफाई होकर रहेगी इत्यादि।
2	क्या यह बात सही है कि 2.25 लाख घरों में कूड़ा उठाव की मॉनिटरिंग हेतु आरएफआईडी चिप लगानी थी परन्तु अभी तक कम्पनी के द्वारा 1.40 लाख घरों में आरएफआईडी चिप लगाई गयी है। मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण कूड़ा उठाव की समस्या बनी हुई है;	आंशिक स्वीकारात्मक। रॉची शहर में शत–प्रतिशत Door to Door Collection की Monitoring हेतु प्रत्येक घरों में RFID Chip लगाया जा रहा है, ताकि Computer Dash Board में यह Live देखा जा सके कि घरों से कूड़े का उठाव किया जा रहा है या नहीं। वर्तमान में कुल 1,74,612 घरों में RFID Chip का अधिष्ठापन किया जा चुका है। शेष कार्य 01 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।
3	क्या यह बात सही है कि कम्पनी को कूड़ा उठाव हेतु 270 स्मार्ट बिन लगाना था, जिसमें से अभी तक मात्र 200 स्मार्ट बिन नहीं लग पाया है;	आंशिक स्वीकारात्मक। कुल 222 बिन लगाने थे, जिसमें से वर्तमान में कुल 200 बीन का अधिष्ठापन किया जा चुका है। शेष कार्य 01 सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कचरा उठाव की समस्या को देखते हुए वर्तमान की व्यवस्था में सुधार करने का विचार रखती है, हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों?	आंशिक स्वीकारात्मक। रॉची नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्राधीन वार्डों से तीन पालियों में नियमित रूप से कचरा का उठाव किया जा रहा है। प्राथमिक एवं सेकेण्डरी कलेक्शन हेतु कम्पनी का चयन कर कार्य करवाया जा रहा है। निगम दिन प्रति दिन कार्य में प्रगतिशील तरीके से आगे बढ़ रहा है। निगम अत्याधुनिक तकनीकी एवं सुव्यवस्थित तरीके से कार्य के क्रियान्वयन हेतु अग्रेसर है।

झारखण्ड सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक– SUDA/SBM/ज्ञा०वि०स०प्र० / 18 / 2022 / UDHD 738 राँची, दिनांक 28/02/22

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप सं०प्र०–418 (अनु०), दिनांक–24.02.2022 के आलोक में उत्तर सामग्री 200 प्रति में आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/02/2022

अवर सचिव।

(50)

श्री नवीन जयसवाल, माननीय सदस्य विधानसभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या न०-04 को विधान सभा में दिनांक 02.03.2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर :-

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि राँची नगर निगम के द्वारा पूरे शहर का कूड़ा-कचरा रातु प्रखण्ड के पंचायत फुटकलटोली ग्राम झीरी के काफी घनी आबादी वाले स्थान पर वर्षों से डम्प किया जा रहा है;	आंशिक स्वीकारात्मक। यह बात पूर्णतः सत्य नहीं है कि घनी आबादी वाले स्थान पर निगम द्वारा कचरा डम्प किया जा रहा है, परन्तु यह सत्य है कि विगत 20-25 वर्षों से पूरे शहर का कूड़ा झिरी में ही डम्प किया जा रहा है। चूँकि पूर्व में Waste Processing Plant की अनुपलब्धता के कारण कचड़ा का निस्तारण नहीं हो रहा था, इसलिए शहर के कचरे को शहर से दूर कहीं न कहीं डम्प करना अनिवार्य था, परन्तु अब Waste processing के लिए कंपनी का चयन को गया है, जो जल्द कचड़े से Bio Gas का निर्माण करेंगी।
2	क्या यह बात सही है कि इस घनी आबादी वाले स्थान पर कूड़ा-कचड़ा डम्प करने से यहाँ के आसपास का वातावरण काफी दुर्गन्ध एवं दूषित सा हो गया है जिससे इसके आसपास निवास करने वाले आम जनता की स्वस्थ्य पर काफी बूरा असर पड़ रहा है;	आंशिक स्वीकारात्मक। यह बात पूर्णतः स्वीकारात्मक नहीं है, परन्तु कचड़े का निस्तारण नहीं होने से पर्यावरण पर असर पड़ रहा है, जिसे सुधार करने के लिए निगम स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सूखे एवं गीले कचड़े का पृथक्करण के लिए नागरिकों को भी प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा झिरी में निरंतर ब्लीचिंग, चूना, सैनिटाईजर इत्यादि का छिड़काव कराया जाता है, ताकि आसपास के क्षेत्रों में दुर्गन्ध का फैलाव नहीं हो सके।
3	यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार राँची नगर निगम के द्वारा कूड़ा-कचड़ा डम्प करने का कार्य किसी दूर दराज न्यूनतम आबादी वाले स्थान पर करने का विचार रखती है, हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों?	राँची नगर निगम के द्वारा सूखे एवं E.Waste के सम्पूर्ण निस्तारण के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिसमें Primary Collection, Secondary Collection एवं Waste Processing जैसे कार्य शामिल हैं। Primary Collection के अंतर्गत सभी घरों से कूड़े का उठाव कराकर निकटतम Mini Transfer Station में Dump किया जाता है। तत्पश्चात् Secondary Collection के अंतर्गत कूड़े को Compactor के माध्यम से झिरी डम्पिंग यार्ड में Transfer किया जाता है। Primary एवं Secondary Collection का कार्य निगम स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है एवं Waste Processing की दिशा में निगम के द्वारा GAIL India Ltd. के साथ एकरारनामा किया गया है, जिसके अंतर्गत GAIL India Ltd. के द्वारा प्रतिदिन 05 (Five) Ton Compress Bio Gas Plant का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा Legacy Waste के निस्तारण के लिए भी राज्य शहरी विकास अभिकरण के स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं।

झारखण्ड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक:- SUDA/SBM/ज्ञा०वि०स०प्र०/16/2022/UDHD 734 राँची, दिनांक 28/02/22

प्रतिलिपि :- अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञाप सं०प्र०-417 (अनु०), दिनांक-24.02.2022 के आलोक में उत्तर सामग्री 200 प्रति में आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/02/2022
अवर सचिव।

51 81

दिनांक–02.03.2022 के लिए डा0 इरफान अंसारी, माननीय स0 वि0 स0 द्वारा सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–ग्राम–04

तारांकित प्रश्न	उत्तरदाता– माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग
1. क्या यह बात सही है कि जामताड़ा जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड क्षेत्रफल एवं आबादी के दृष्टिकोण से एक बड़ा प्रखण्ड है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि मुख्यालय से दूर के गावों में रहने वाले लोगों को प्रखण्ड मुख्यालय आने में अत्यधिक कष्ट का सामना करना पड़ता है, जिस कारण आर्थिक क्षति एवं समय की बर्बादी होती है तथा लोग कतिपय सरकारी लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं।	अस्वीकारात्मक। उपायुक्त, जामताड़ा के पत्रांक–79 दिनांक–26.02.2022 के अनुसार नारायणपुर प्रखण्ड मुख्यालय से प्रखण्ड के सुदूरवर्ती गाँव की अधिकतम दूरी लगभग 16 कि0मी0 है एवं सुदूरवर्ती गाँव पथ से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार प्रशासनिक आधार पर नारायणपुर प्रखण्ड को विभाजित कर चौनपुर चंपापुर को नया प्रखण्ड बनाने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	अस्वीकारात्मक। प्रश्नाधीन चौनपुर चंपापुर प्रखण्ड की दूरी नारायणपुर प्रखण्ड मुख्यालय से मात्र 12 कि0मी0 है, जो विभागीय संकल्प सं0–5495 दिनांक–16.10.2015 द्वारा निर्धारित प्रखण्ड सृजन की निहित मापदण्ड एवं प्रक्रिया के कंडिका–VI के अनुसार प्रखण्ड मुख्यालय से सामान्यतः 25 कि0मी0 से अधिक दूरी की अर्हता को पूर्ण नहीं करता है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

ज्ञापांक–4–वि0स0–09/2022/ग्रा0वि0 715 राँची, दिनांक– 28/02/2022

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झा0 वि0 स0 सचिवालय को उनके ज्ञाप–414 दिनांक–24.02.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–4–वि0स0–09/2022/ग्रा0वि0 715 राँची, दिनांक– 28/02/2022

प्रतिलिपिः– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के प्रधान आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के प्रधान आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री (ग्रामीण विकास विभाग) के प्रधान आप्त सचिव/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–4–वि0स0–09/2022/ग्रा0वि0 715 राँची, दिनांक– 28/02/2022

प्रतिलिपि :– विभागीय प्रशाखा–3 को प्रश्नगत तारांकित प्रश्न की उत्तर सामग्री विधान सभा सचिवालय झारखण्ड, राँची को उपलब्ध कराने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

(52)

श्री कमलेश कुमार सिंह, माननीय सदस्य झारखण्ड विधानसभा द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या–न०–02 का उत्तर सामग्री

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि पलामू जिला अंतर्गत नगर पंचायत हरिहरगंज में वर्ष–2020–21 में 842 लाभुकों को आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है;	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित 842 आवास लाभुकों के चयन में कर्मचारी व अधिकारी के द्वारा घोर अनियमितता बरती गई है, फलस्वरूप पक्के मकान और दो मंजिला मकान वाले का अच्छी संख्या में चयन कर लिया गया है, जिसके कारण आवास के वास्तविक अहर्त्ता रखनेवाले लाभुकों का चयन नहीं हो सका, फलस्वरूप आमलोगों में काफी रोष व्याप्त है;	हरिहरगंज नगर पंचायत से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020–21 अंतर्गत 842 स्वीकृत आवासों का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मार्गदर्शिका के अनुसार किया गया है। कार्यालय को प्राप्त अनियमितता की सूचना के आलोक में पत्रांक–27, दिनांक–14.02.2022 के तहत् समिति बनाते हुए जाँच की जा रही है।
3	क्या यह बात सही है कि वर्ष– 2021–22 के आवास लाभुकों के चयन में भी संबंधित कर्मचारी व अधिकारी के द्वारा पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है;	हरिहरगंज नगर पंचायत से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 में आवास हेतु लाभुकों का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मार्गदर्शिका के अनुसार किया जा रहा है।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पलामू जिला अंतर्गत नगर पंचायत, हरिहरगंज में वर्ष– 2020–21 में 842 आवास लाभुकों के चयन में बरती गई अनियमितता के दोषी कर्मचारी व अधिकारी के विरूद्ध तथा वर्ष– 2021–22 में आवास लाभुकों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरतने हेतु कौन सी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	हरिहरगंज नगर पंचायत से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020–21 में स्वीकृत 842 आवासों की सूची प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अहर्त्ता रखनेवालों का ही स्वीकृत हुआ है। वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के मार्गदर्शिका के अनुसार लाभुकों का चयन निकाय एवं जिला पदाधिकारियों के सहयोग से किया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक–03 / वि०स० / तारांकित प्रश्न / 02 / 2022 / न०वि०– 732 दि०– 28/02/22

प्रतिलिपि:–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, झारखण्ड, राँची के उनके पत्रांक–85, दिनांक–17.02.2022 के आलोक में 200 (दो सौ) प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022

सरकार के अवर सचिव।

Budget Satra-3

(53)

दिनांक–02.03.2022 को माननीय स०वि०स० श्री सुदिव्य कुमार द्वारा सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–ग्राम–14 का उत्तर सामग्री

	प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
	श्री सुदिव्य कुमार, माननीय स०वि०स०	श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग
	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि पीरटाँड़ प्रखण्ड गिरिडीह जिला के सुदूरवर्ती इलाका है लेकिन जिला मुख्यालय जो जोड़ने वाली सड़कें अत्यंत जर्जर है जिससे ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;	स्वीकारात्मक।
2.	यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीरटाँड़ प्रखंड की सभी जर्जर सड़कें की मरम्मति कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	वित्तीय वर्ष 2021–22 में पथों के मरम्मति हेतु 80 करोड़ रू0 बजटीय उपबंध है। उक्त सीमित बजटीय उपबंध के आलोक में प्रत्येक मा0स0वि0स0 से प्राप्त प्राथमिकता आधारित अनुशंसा के आलोक में 8–10 कि0मी0 पथ मरम्मति कार्य कराने का निर्णय लिया गया है। मा0स0वि0स0 से पथ मरम्मति हेतु अनुशंसा प्राप्त होने पर निधि की उपलब्धता के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–122/2022 ग्रा0का0वि0 322 राँची/दिनांक–28-02-2022

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा0वि0स0 सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–346, दिनांक–24.02.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/2/22

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–122/2022 ग्रा0का0वि0 322 राँची/दिनांक–28-02-2022

प्रतिलिपि–मा0 मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

28/2/22

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–122/2022 ग्रा0का0वि0 322 राँची/दिनांक–28-02-2022

प्रतिलिपि–सचिव कोषांग/प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

28/2/22

सरकार के उप सचिव।

(54)

झारखण्ड सरकार
परिवहन विभाग
एफ.एफ.पी. भवन, धुर्वा, राँची।

श्री कोचे मुण्डा, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या परि–01 का उत्तर :–

	प्रश्नकर्त्ता श्री कोचे मुण्डा, माननीय स०वि०स०		उत्तरदाता श्री चम्पाई सोरेन, माननीय मंत्री, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार
1	क्या यह बात सही है कि खूँटी जिलान्तर्गत कर्रा प्रखण्ड में सरकारी मोटर वाहन ड्राईविंग केन्द्र नहीं है;	–	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह बात सही है कि सरकारी मोटर ड्राईविंग केन्द्र खोलने से वहाँ के शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलेगा;	–	स्वीकारात्मक।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कर्रा प्रखण्ड में सरकारी मोटर वाहन ड्राईविंग केन्द्र खोलकर युवकों को प्रशिक्षण देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	–	राज्य सरकार द्वारा जिला मुख्यालयों में सरकारी मोटर वाहन ड्राईविंग केन्द्र प्रारम्भ करने संबंधी नीतिगत निर्णय लिया गया है। तदालोक में विभागीय पत्रांक–125, दिनांक–08.03.2021 द्वारा प्रस्तावित RDTC, खूँटी के DPR हेतु सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। खूँटी जिलान्तर्गत उक्त प्रशिक्षण केन्द्र खोलने से कर्रा प्रखण्ड के शिक्षित बेरोजगार युवकों को इसका लाभ प्राप्त होगा।

28/02/22

सरकार के अवर सचिव
परिवहन विभाग।

ज्ञापांक – 04/परि०वि०(वि०स०)–37/2022 186 /राँची,दिनांक 28/02/2022

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं० प्र०–354, दिनांक–24.02.2022 के प्रसंग में 200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/22

सरकार के अवर सचिव
परिवहन विभाग।

ज्ञापांक – 04/परि०वि०(वि०स०)–37/2022 186 /राँची,दिनांक 28/02/2022

प्रतिलिपि–सभी उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, झारखण्ड/सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, झारखण्ड/सभी मोटरयान निरीक्षक, झारखण्ड/माननीय मंत्री, परिवहन विभाग के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, परिवहन विभाग/परिवहन आयुक्त के आप्त सचिव/संयुक्त परिवहन आयुक्त, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/22

सरकार के अवर सचिव
परिवहन विभाग।

(55)

श्री केदार हजरा, मा0 स0वि0स0 द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0– "पथ–30" का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्न	माननीय मंत्री, प0नि0वि0 द्वारा दिया जाने वाला उत्तर
क्या मंत्री पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–	यह पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीनस्थ है। पथ की मरम्मति/निर्माण/उन्नयन संबंधित विभाग द्वारा नहीं किए जाने की स्थिति में उक्त विभाग द्वारा पथ निर्माण विभाग को पथ हस्तांतरण हेतु अनुरोध एवं अनापत्ति प्रदान किए जाने के उपरांत नेटवर्क के दृष्टिपथ उपयोगिता, निधि की उपलब्धता के अनुसार प्रस्ताव पर आगामी वर्षों में विचार किया जा सकेगा।
1. क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिलान्तर्गत जमुआ प्रखण्ड के नावाडीह चक्की सड़क पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से लताकी, दमगी, कुरहोविन्दो होते हुए छोटकीखरगडीहा तक के पथ को अभी तक पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण नहीं किया गया है,	
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–01 में निहित पत्र जो अभी ग्रामीण कार्य विभाग के पास है, लेकिन पथ की लंबाई करीब 25 कि0मी0 रहने के कारण ग्रामीण कार्य मामले विभाग द्वारा ठीक ढंग से रख–रखाव नहीं होने से पथ की स्थिति काफी जर्जर हो गई है,	
3. क्या यह बात सही है कि पथ स्थिति जर्जर होने के कारण स्थानीय जनता को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है,	
4. क्या यह बात सही है कि खण्ड–01 में निहित पथ ही जो पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित दो महत्वपूर्ण पथ पचम्बा–सुरौन पथ तथा बेंगाबाद–सरौन पथ को जोड़ने वाली पथ है,	
5. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–01 में निहित पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से अधिग्रहण कर पथ निर्माण विभाग द्वारा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–32/2022, 780(S) राँची/दिनांक– 28-2-22

प्रतिलिपि:–श्री छोटेलाल, अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय, राँची के ज्ञापांक–333, दिनांक–24.02.2022 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 अतिरिक्त प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–32/2022, 780(S) राँची/दिनांक– 28-2-22

प्रतिलिपि:–संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य), झारखण्ड, राँची/माननीय मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–32/2022, 780(S) राँची/दिनांक– 28-2-22

प्रतिलिपि:–श्री प्रभात कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पथ निर्माण विभाग को निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त उत्तर प्रतिवेदन झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को आज ही OASYS प्रणाली के तहत ऑन लाईन प्रेषित करेंगे।

28/02/2022

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

श्री जिगा सुसारन होरो, मा0 स0वि0स0 (56) द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0– "पथ–27" का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्न	माननीय मंत्री, प0नि0वि0 द्वारा दिया जाने वाला उत्तर
क्या मंत्री पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:– 1. क्या यह बात सही है कि गुमला जिलान्तर्गत कार्य योजना पथ निर्माण सिसई बरिया (28 कि0मी0) का निर्माण कार्य अधूरा है तथा जो भी निर्माण हुआ है वह भी अत्यन्त निम्न स्तर का है, 2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–01 में वर्णित पथ का निर्माण संबंधी कार्य योजना से संबंधित निविदा का निस्तारण वर्ष 2012 में ही किया गया था जिस पर संवेदक के साथ–साथ विभागीय पदाधिकारियों की संयुक्त लापरवाही दिखती है, 3. क्या यह बात सही है कि खण्ड–01 में वर्णित पथ जनहित में अति महत्वर्ण है जिसका नहीं बनने से हजारों जन–जीवन पर असर पड़ा है, 4. यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उल्लिखित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	गुमला जिलान्तर्गत सिसई–बरिया पथ (लंबाई–37.775 कि0मी0) का उन्नयन कार्य, भारत सरकार अंतर्गत LWE (Left Wing Extrimism) योजना अंतर्गत स्वीकृत है। जिसके लिए दिनांक–24.04.2016 को मेसर्स सुप्रीम इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया लि0 के साथ एकरारनामा किया गया था। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार उक्त एकरारनामा को विखण्डित किया गया है। अवशेष कार्य के लिए दिनांक–24.02.2017 को संवेदक मेसर्स NP-ABPL (JV) के साथ एकरारनामा किया गया है, उक्त कार्य को पूर्ण करने हेतु दिनांक–03.02.2019 की तिथि निर्धारित है। जबकि अबतक मात्र 80% कार्य किया गया है। संवेदक पर कार्रवाई की गई है, उन्हें डिबार किया जा चुका है तथा एकरारनामा विखण्डन हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्तावित किया गया है। उनके आदेश प्राप्त होने पर एकरारनामा विखण्डन के साथ नये संवेदक को बहालकर अवशेष कार्य सम्पन्न कराया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–29/2022, 777(5) राँची/दिनांक– 28-2-22
प्रतिलिपि:–श्री छोटेलाल, अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय, राँची के ज्ञापांक–402, दिनांक–24.02.2022 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 अतिरिक्त प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022
सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–29/2022, 777(5) राँची/दिनांक– 28-2-22
प्रतिलिपि:–संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य), झारखण्ड, राँची/माननीय मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/02/2022
सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक:प0नि0वि0–11–ता0प्र0–29/2022, 777(5) राँची/दिनांक– 28-2-22
प्रतिलिपि:–श्री प्रभात कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, पथ निर्माण विभाग को निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त उत्तर प्रतिवेदन झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को आज ही OASYS प्रणाली के तहत ऑन लाईन प्रेषित करेंगे।

28/02/2022
सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।

(57)

दिनांक–02.03.2022 को माननीय स०वि०स० श्री निरल पुरती द्वारा सदन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–ग्राम्य–12 का उत्तर सामग्री

	प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
	श्री निरल पुरती, माननीय स०वि०स०	श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग
	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि पश्चिमी सिंहभूम के तांतनगर प्रखण्ड अन्तर्गत खेड़ियाटांगर से कौवासाई घाँक भाया तेन्तड़ा सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है;	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर होने के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं दुर्घटना संभावित होती है;	आंशिक स्वीकारात्मक।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराना चहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	विभागीय पत्रांक–266 (अनु0), दिनांक–24.02.22 द्वारा प्रश्नाधीन योजना के प्राक्कलन की मांग संबंधित कार्यपालक अभियंता से की गयी है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–114 / 2022 ग्रा0का0वि0 325 राँची / दिनांक– 28-02-2022

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा0वि0स0 सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–422, दिनांक–24.02.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/2/22

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–114 / 2022 ग्रा0का0वि0 325 राँची / दिनांक– 28-02-2022

प्रतिलिपि–मा0 मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, झारखण्ड / प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

28/2/22

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–114 / 2022 ग्रा0का0वि0 325 राँची / दिनांक– 28-02-2022

प्रतिलिपि–सचिव कोषांग / प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

28/2/22

सरकार के उप सचिव।

(58)

डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछे जानेवाले तारांकित प्रश्न सं0–पथ–12 का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्नकर्ता	उत्तरदाता
डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता, माननीय स0वि0स0	श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग
1. क्या यह बात सही है कि पलामू जिला के पांकी से लोहरसी, लावालौंग (चतरा) होते हुए बगरा तक ग्रामीण विकास विभाग की सड़क है, जो अत्यंत जर्जर स्थिति में है;	प्रश्नाधीन पथ की कुल लंबाई लगभग 50 कि0मी0 है, जिसमें 1.86 कि0मी0 पथ निर्माण विभाग तथा उसके आगे 3 कि0मी0 सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित पथ है, शेष पथांश ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन पड़ता है।
2. क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त सड़क पलामू, चतरा और हजारीबाग जिले को जोड़ने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क है, जिसकी लंबाई 50 कि0मी0 है;	स्वीकारात्मक
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो, क्या सरकार पलामू, चतरा और हजारीबाग जिले को जोड़नेवाली उक्त महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कराकर उक्त सड़क से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना चाहती है, हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	प्रश्नाधीन पथ की लंबाई लगभग 50 कि0मी0 होने के कारण पथ निर्माण विभाग से निर्माण कराने पर विचार किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक :– 05(वि0स0–12)–135 / 2022 ग्रा0का0वि0 347 राँची, दिनांक 01–03–2022

प्रतिलिपि– अवर सचिव, ज्ञा0वि0स0 को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–336 दिनांक–24.02.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/3/22
(रंजीत रंजन प्रसाद)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक :– 05(वि0स0–12)–135 / 2022 ग्रा0का0वि0 347 राँची, दिनांक 01–03–2022

प्रतिलिपि–मा0 मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय विभागीय मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, झारखण्ड / प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय (निगरानी) विभाग, झारखण्ड, राँची / उप सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

1/3/22
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक :– 05(वि0स0–12)–135 / 2022 ग्रा0का0वि0 347 राँची, दिनांक 01–03–2022

प्रतिलिपि– सचिव कोषांग, ग्रा0का0वि0, झारखण्ड, राँची / प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

1/3/22
सरकार के उप सचिव।

(59)

श्री समीर कुमार मोहन्ती, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं० पथ–03 का उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री समीर कुमार मोहन्ती, माननीय स०वि०स०	श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग
1. क्या यह बात सही है कि झारखण्ड और उड़ीसा को जोड़ने वाला केरूकोचा बारिपदा सड़क के बीच गुड़ाबांधा प्रखण्ड अंतर्गत बालिजुड़ी ग्राम में स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण प्रस्तावित है ;	अस्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित पुल का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र में आम लोगों को बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ;	स्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड–1 में वर्णित प्रस्तावित पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में माननीय स०वि०स० से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में बहरगोड़ा प्रखण्ड के गोपालपुर पंचायत के नेकड़ागुंजी गांव में काठुआनाला पर पुल निर्माण की तकनीकी स्वीकृति दी जा चुकी है एवं गुड़ाबांधा प्रखण्ड अन्तर्गत कढ़ीयानाला पर पुल निर्माण हेतु डी०पी०आर० तैयार कराया जा रहा है। माननीय स०वि०स० से प्रश्नांकित पुल की अनुशंसा प्राप्त होने पर बजटीय उपबंध एवं विभागीय नीति के आलोक में नियमानुसार अग्रेत्तर कारवाई की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–17/2022/ग्रा०का०वि० — 326 रॉंची, दिनांक– 28-02-2022

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं० प्र०–80 वि०स० दिनांक–17.02.2022 के प्रसंग में 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/2/22

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–17/2022/ग्रा०का०वि० — 326 रॉंची, दिनांक– 28-02-2022

प्रतिलिपि:– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड रॉंची को सूचनार्थ प्रेषित।

28/2/22

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–17/2022/ग्रा०का०वि० — 326 रॉंची, दिनांक– 28-02-2022

प्रतिलिपि:– सचिव कोषांग ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची/प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड, रॉंची को सूचनार्थ प्रेषित।

28/2/22

सरकार के अवर सचिव।

श्री मथुरा प्रसाद महतो, मा0 स0वि0स0 (60) द्वारा दिनांक–02.03.2022 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0– "पथ–19" का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्न	माननीय मंत्री, प0नि0वि0 द्वारा दिया जाने वाला उत्तर
क्या मंत्री पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–	
1. क्या यह बात सही है कि धनबाद जिलान्तर्गत बरवड्डा में राष्ट्रीय उच्च पथ (NH-2) का चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है;	यह पथ, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की सम्पति है एवं वर्त्तमान में NHAI के अधीन है। NHAI से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार :–
